तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

16 ग्रामसभा सशक्तिकरण की थीम पर संयुक्त...




16 राज्य हेंडबाल स्पर्धा का किया विधायक नेताम ने उद्घाटन





## खबर संक्षेप



### 4 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रारंभ

**अंतागढ़।** 28 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कुहंचे अंतागढ़ के कमाडेंट अरुण देवगम की उपस्थिति में चार दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट ने सभी को मधुमक्खी पालन के विभिन्न लाभों से अवगत कराया, जिससे सभी प्रतिभागियों में मधुमक्खी पालन के प्रति काफी उत्साह देखा गया। कमांडेट ने कहा कि जब से 28 वीं वाहिनी मे पदस्थापना हुई है, तब से लगातार क्षेत्र में लोगों से जुड़कर जनहित के कार्य कर रहे है, जिसका लाभ क्षेत्र के युवाओ को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उनको रोजगार मिलने में आसानी हो।

### सरोना में 18 से 4 दिनी फुटबॉल प्रतियोगिता

**कांकेर।** जिले के हाई स्कूल मैदान सरोना में इस वर्ष भी हर साल की तरह ग्रामवासियों द्वारा चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दो पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 25,001 रूपएं और द्वितीय पुरस्कार 15,001 रूपएं है। प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष परिचित रामटेक, उपाध्यक्ष दीपेश लौह, कोषाध्यक्ष सौरभ लुनावत और सचिव की जिम्मेदारी प्रशांत जैन को दी गई।

### प्रावीण्य सूची में कन्या कालेज की 4 छात्राएं

**कांकेर।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा घोषित सत्र प्रावीण्य सूची में शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय की चार छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है। एमए अंग्रेजी की प्रावीण्य सूची में महाविद्यालय की श्रेया भारती ने प्रथम स्थान, प्रियंका साहा ने छठवां और साक्षी सिन्हा ने दसवां स्थान हासिल किया। इससे पूर्व घोषित हिन्दी साहित्य की प्राविण्य सूची में इस महाविद्यालय की राजेश्वरी ने दसवां स्थान बनाया था। छात्राओं की इस सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेके बारले, अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो सुनील साहू तथा हिन्दी की विभागाध्यक्ष डा माहेनूर सैयदा सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### स्वरोजगार के लिए 10 तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना करने के लिए 10 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते है। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण निर्धारित है, इसके लिए एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक के ऋण के रूप में देए होगा।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 तक आमंत्रित

**कांकेर।** समग्र शिक्षा के तहत बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कराया जाना है। उक्त प्रशिक्षण एक माह (30 दिवस) के लिए होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के कुल 239 शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी तथा 546 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण ▶▶। शेष पेज 14 पर

# नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण 17 को करने का ऐलान, तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

नगरपालिका परिषद व नगर पंचायत निर्वाचन 2024 को लेकर कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे, अंततः 17 दिसंबर को नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों और नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, चारामा और नगर पंचायत पखांजूर के 15-15 वार्डों के लिए आरक्षण किए जाने का ऐलान हो गया है। आरक्षण हो जाने के बाद से तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो जाएगी। जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कई प्रकार की कवायद लगाई जा रही थी और अंततः आरक्षण की तारीख आ जाने के बाद यह तय हो किया कि दिसंबर माह में ही आचार संहिता भी लग जाएगी। दिसंबर माह में आचार संहिता लग जाने पर तय है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के प्रथम सप्ताह में नगरीय निकाय का चुनाव हो जाएगा। हरिभूमि ने ही सबसे पहले यह संभावना जताया था, उसी तरह की परिस्थितियाएं निर्मित हो रही है। जिले के नगर पालिका व नगर पंचायत के वार्डो का आरक्षण 17 दिसंबर को हो जाने पर यह तय हो जाएगा कि कौन से वार्ड में किस वर्ग का प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमाएगा। इसी दिन के बाद से प्रत्याशियों के दावेदारी बढ़ जाएगी और नगर की सरकार बनाने का गणित शुरू हो जाएगा। दो से तीन बार पार्षद रह चुके की हार्टबीट बढ़ गई है, कहीं उनका समीकरण इधर से उधर न हो जाएं। समीकरण बिगड़ने पर दो से तीन बार रह चुके पार्षद दूसरे वार्डो की खोज में जुट जाएंगे।

### आरक्षण के बाद वार्डों की तस्वीर होगी स्पष्ट




#### जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगा आरक्षण

जिले के नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण विहित प्राधिकारी कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। इस दौरान विहित प्राधिकारी द्वारा जिले के नगर पंचायत नरहरपुर को छोड़कर नगरपालिका परिषद कांकेर, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, चारामा और नगर पंचायत पखांजूर के वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

### केंद्रों में लाखों क्विंटल धान जाम, एक फीसदी भी डीओ नहीं कटा

# राइस मिलर और कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल पर, धान खरीदी हो गई बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

राईस मिलर के हड़ताल में जाने से धान का उठाव नहीं हो पा रहा था, वहीं अब कंप्यूटर आपरेटर भी अपनी माँग को लेकर हड़ताल पर चले गए है, जिसके चलते धान का उठाव हो पाना संभव नहीं दिख रहा है। धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रो पर धान जाम हो गया और धान को रखने के लिए खरीदी केंद्रो में जगह नहीं है, जिससे लैंपस प्रबंधको ने भी धान के जल्दी उठाव को लेकर अब प्रशासन से गुहार लगा रहे है। लैपस प्रबंधकों व धान खरीदी प्रभारियों को डर है कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है और ज्यादा दिन धान फड़ में रखा रहा तो उसमें सूखत ज्यादा आने की संभावना बन सकती है।



जिले के 149 उपार्जन केन्द्रों में 15 लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम हो गया हैं, जिससे आधे से अधिक खरीदी केन्द्रों में पिछले कई दिनों से खरीदी बंद हो गई हैं। सरकार से बात होने के बाद कुछ राईस मिलरों ने धान का उठाव शुरू किया था और जिले में खरीदी किए गए धान में से केवल 2 प्रतिशत ही धान का उठाव हो पाया। 11 दिसंबर को कैबिनेट में लिए गए निर्णय पर राईस मिलर फिर से उठाव को बंद कर दिया है और दिनभर सरकार के प्रतिनिधियों के साथ राईस मिलरों की बैठक होती रही। जिले में धान खरीदी की स्थिति चरमरा गई हैं। सोमवार से आधा दर्जन केन्द्रो में खरीदी बंद हो गई हैं, वही आने वाले दिनों जिलेभर में स्थिति भयावह हो सकती हैं एवं सबसे ज्यादा परेशानी टोकन कैसिंल होने की हैं। छोटे को दो और बड़े किसानों को तीन बार टोकन देना है, लेकिन खरीदी बंद होने से सैकड़ों किसानों का टोकन भी निरस्त हो गया हैं, जिससे किसानों के बीच हायतौबा की स्थिति निर्मित हैं।

#### कंप्यूटर आपरेटर 12 दिसंबर से गए हड़ताल पर

धान खरीदी केंद्रो में कार्य करने वाले कंप्यूटर आपरेटरों ने तीन माँगो को लेकर 12 दिसंबर से हड़ताल पर चले गए है। उनकी माँग है कि धान खरीदी कंप्यूटरीकरण वर्ष 2007 से डाँटा एंट्री आपरेटर पद पर विगत 17 वर्षो से कार्यरत है। इन सभी डाँटा एंट्री आँपरेटर को खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। नवीन वित्त निर्देश 2022/23 के अनुसार वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23500 रूपएं मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से दिया जाए। धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की कंडिका 11.3.3 को विलोपित किया जाए।

#### केन्द्रों में जाम, लेकिन आनलाइन नहीं दिख रहा

जिले के उपार्जन केन्द्रों में जितनी धान रखने की क्षमता हैं, उतना बफर लिमिट तय किया गया हैं। अब विडंबना यह है कि आनलाइन पोर्टल में वे ही केन्द्र दिख रहे हैं, जिसमें बफर लिमिट से अधिक धान हैं, जबकि केन्द्रों में क्षमता फूल हो चुका हैं। ऐसे में सोसायटी प्रबंधको में भी नाराजगी दिख रही हैं। प्रबंधको का कहना है कि, बफर लिमिट को कम किया जाए, जिससे आनलाइन डीओ काटा जा सके।

## कोटेला-अरौद को जोड़ने वाली सडक जर्जर की धुल से ग्रामीण हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम कोटेला को अरौद जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मुख्य मार्ग जर्जर हो गया है। सड़क के जर्जर हो जानने से डामर की परत पूरी तरह से गायब हो गई है, जिसके चलते इस सड़क पर चलना दूभर हो गया है।

जानकारी के अनुसार पीएमजीएसवाय से बनी सड़क का समय पर मरम्मत किया जाना था, परंतु मरम्मत नहीं किए जाने के चलते सड़क के ऊपर की डामर की परत पूर्णतः उखड चुकी है, जिसके चलते वाहनों के आवाजवाही से धुल का गुब्बार पूरी सड़क पर हमेशा उड़ता रहता है। डामर की सड़क रेत की सड़क में तब्दील हो गई है, जिसके चलते कई बार छोटे दो पहिया वाहन हादसे का शिकार भी हो चुके है। इस मार्ग में लगातार रेत से भरे ओवरलोड बड़े वाहनो के गुजरने से सडक मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। बड़े वाहनो के गुजरने से दो पहिया वाहनों सहित पैदल यात्रियों को हमेशा उड़ते धूल से परेशान होना पड़ता है। सड़क से उड़ती धूल ग्रामीणों के आखो एंव सेहत को भी प्रभावित कर रही है। ग्रामीणों द्वारा उक्त मार्ग के मरम्मत के लिए शासन प्रशासन तक कई बार अपनी बात पहुँचाई गई, लेकिन मॉग के बाद भी उक्त सड़क का निर्माण नही हो पाने से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीण के साथ साथ स्कूल शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और स्कूली बच्चों सभी को इस मार्ग में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ग्रामीण हित को देखते हुए उक्त सड़क के निर्माण की मांग रखी है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर लगातार रेत से भरे वाहन जो प्रतिबंधित है, उनके चलने से ही सड़क की ऐसी स्थिति निर्मित बन गई है। इन वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए जिम्मेदार विभाग ने कभी भी तत्परता नहीं दिखाया है।

## उपार्जन केन्द्रों में अधिक मात्र में धान डंप, परिवहन के अभाव में, खरीदी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उल्लेखित है कि धान का उठाव नहीं होने से धान खरीदी 16 दिसंबर से बंद किया जाएगा।

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र में खरीदे गए धान के परिवहन के उठाव की माँग किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विपणन संघ द्वारा बफर लिमिट से अधिक उपार्जन केन्द्रों का दो एवं तीन टीओ जारी किया गया था, परंतु टीओ से कुछ ही उपार्जन केन्द्रों का धान परिवहन हो पाया है। प्रतिदिन धान का आवक अधिक होने से धान उपार्जन के लिए स्थान



का अभाव हो रहा है, जिससे समिति कर्मचारी एवं किसानों द्वारा आपसी मतभेद एवं आक्रोश पैदा हो रहा है। जिला सहकारी विपणन संघ द्वारा धान के उठाव के लिए ध्यान नही देने के कारण उपार्जन केन्द्रों में ऐसी स्थिति निर्मित बन रही है। इसलिए उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा धान उपार्जन कार्य 16 दिसंबर 2024 से धान नही उठाव होने तक उपार्जन कार्य बंद करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन देने के लिए पहुँचे पदाधिकारियों ▶▶। शेष पेज 14 पर



## बस्तर ओलंपिक में शामिल होने वाले छात्रों का कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

■ कलेक्टर ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर।** संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए जिले के खिलाड़ियों को गुरूवार 12 दिसंबर को कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हौसला बढ़ाते हुए हरी झण्डी दिखाकर जगदलपुर के लिए रवाना किया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जूनियर बालक-बालिका 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग तथा सीनियर वर्ग महिला-पुरूष 17 वर्ष व उससे अधिक संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, क्रीड़ा परिसर धरमपुरा एवं खेलो इंडिया हॉकी सेंटर पण्डरीपानी जगदलपुर जिला बस्तर के खेल मैदान में सम्पन्न होगी, जिसमें विभिन्न खेल शामिल है। यह भी बताया गया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले रेस 4ग100ए गोला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद, तीरंदाजी, 30 एवं 50 मीटर, बैडमिंटन, ▶▶। शेष पेज 14 पर

## कांकेर शहर में बिना कागजात के आटो का संचालन, आठ पर की गई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

■ यातायात विभाग की समझाइश के बाद भी चालक बाज नहीं आए

कांकेर शहर में बिना कागजात के कई सवारी आँटो बिना कागजात के चल रहे, ऐसे सवारी आटो दुर्घटना के शिकार होते है तो सवारियों को किसी भी तरह का क्लेम नहीं मिलेगा। यातायात विभाग ने 12 दिसंबर को अभियान चलाकर आँटो की जांच किया और 8 आँटो पर चालानी कार्यवाही किया गया। इन 8 आँटो के पास कागजात नहीं होने पर कागजात वाहन में रखने का निर्देश दिया गया। यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि शहर में चलने



वाले सवारी आँटो की जाँच 12 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है और जिन वाहनों में वाहन के दस्तावेज नहीं थे, उनकी चालानी कार्यवाही करते हुए उनको हिदायत दिया गया कि जल्द से जल्द कागज तैयार करवा लें, अन्यथा वाहनों को सीज किया जाएगा। यातायात टीम ने पहले दिन कई आँटो की जाँच किया और उनको समझाईश दिया गया कि जितनी सवारी बैठाने का प्रावधान है, उतनी ही सवारी को लेकर आँटो चलाए, अधिक सवारी मिलने पर भी कार्यवाही किया जाएगा। यातायात टीम ने कहा कि 12 दिसंबर को जांच का पहला दिन था और जांच की कार्यवाही निरंतर चलेगी। शहर में चलने वाले सभी सवारी आँटो और चालकों की जाँच किया जाएगा। समझाईश देने का कई बार प्रयास किया जा चुका है, अब सीधे जाँचकर कार्यवाही किया जाएगा।

सवारी आँटो में सुबह-सुबह एक आँटो में 8 से 10 स्कूली बच्चों को बिठाकर परिवहन किया जा रहा है और यह ▶▶। शेष पेज 14 पर

### सिविल जज के परिणाम में सुमीत कुमार नायक 24वें स्थान पर

# चारामा क्षेत्र के बागरी गांव के सुमीत और जेपरा के ग्रेसी बने सिविल जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चारामा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा सिविल जज परीक्षा का परिणाम घोषित किया है, जिसमें कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के दो प्रतिभागियों का चयन हुआ है। यह चारामा विकासखंड के लिए बड़ी उपलब्धि है। जिले के विकासखंड चारामा के ग्राम बारगरी नवापारा बहुत ही छोटा गाँव है और इस गाँव के होनहार युवक सुमित कुमार नायक ने सिविल जज के परिणाम में 24 वें स्थान पर आकर कांकेर जिले के साथ साथ समूचे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए छोटे से गांव को भी गौरान्वित किया है। चयनित सुमित अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं और इनकी प्रारंभिक पढ़ाई गांव में हुई है। सिविल जज का परिणाम आने के उपरांत सुमित का चयन होने पर उनके परिवार के सदस्यों, ग्रामीणों के साथ पूरे अंचल में खुशी का वातावरण देखने को मिला। इसी तरह से चारामा विकासखंड के ग्राम जेपरा की होनहार बेटी ग्रेसी सिंह





पिता कृष्ण कुमार मिरी, माता अनुसूईया मिरी का चयन सिविल जज के रुप में हुआ है। ग्रेसी सिंह ने उक्त परीक्षा में 26 वां रैंक एवं एसटी वर्ग में प्रथम रैंक हासिल किया है। उनके चाचा एवं पालक हरवंश सिंह मिरी ने बताया है कि ग्रेसी सिंह की उम्र लगभग 2 वर्ष की रही होगी, तब से अपने दादा के साथ अर्थात चाचा के साथ रहती है। उसकी ईच्छा अनुसार 12 वीं गणित से पढ़ाई करने के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें परंतु चाचार कहने पर क्लेट एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी की और सफलता अर्जित कर हिदायतुल्ला नेशनल लॉ कॉलेज नवा रायपुर से बीए एलएलबी की डिग्री हासिल किया एवं सिविल जज 2023 की परीक्षा में सम्मिलित हुई और प्रथम प्रयास में ही सफलता अर्जित कर सिविल जज बनी। चारामा विकासखंड से दो प्रतिभागियों के चयन हो जाने से यह साबित हो गया कि गाँव में भी प्रतिभाएं है, उनको बस तराशने की जरूरत है।

### ट्रैक्टर में आग, 15 एकड़ का धान जलकर राख

**कांकेर।** छोटेबेठिया थाना के ग्राम मरबेड़ा के किसान 15 एकड़ का धान को ट्रैक्टर में भरकर मिंजाई के लिए रखा था और मिंजाई करने की तैयारी में था। ट्रैक्टर में अचानक आग लग जाने से किसान की 15 एकड़ का धान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। किसान को आग लगने का कारण समझ में नहीं आया। आग लगने से जहाँ किसान को फसल का और ट्रैक्टर मालिक को ट्रैक्टर जलने का नुकसान हुआ है।



पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 एवं आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार 18 दिसम्बर 2024 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले के अंतर्गत समस्त देशी सीएस 2 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घघ) एवं एफएल 7 सैनिक केन्टीन फुटकर पूर्णतः बंद रखा जायेगा तथा अवैध शराब बिक्री, धारण परिवहन आदि पर समुचित कार्यवाही की जायेगी।

### अंत्यावसायी विभाग का ऋण वसूली शिविर 16 एवं 17 को

**कोण्डागांव।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और सफाई कामगार वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया गया था। लाभार्थियों द्वारा ऋण की अदायगी समय पर नहीं करने पर ऋण वसूली की जा रही है। अंत्यावसायी विभाग द्वारा सभी लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे अपने ऋण की राशि समय पर और नियमित रूप से कार्यालय में जमा करें। ऋण की अदायगी में लापरवाही करने वाले लाभार्थियों और उनके जमानतदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने समाज प्रमुखों, स्थानीय प्रतिनिधियों और अन्य सम्माननीय व्यक्तियों से इस कार्य में सहयोग की अपील की है। कोण्डागांव तहसील कार्यालय में 16 दिसम्बर को समय 11 बजे से कार्यालयीन समय तक – अंत्यावसायी विभाग द्वारा ऋण वसूली शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा बकायादारों से वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर ऋण राशि की अदायगी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके लिए कोण्डागांव तहसील कार्यालय में 16 दिसम्बर को समय 11 बजे से कार्यालयीन समय तक, माकड़ी तहसील कार्यालय में 17 दिसम्बर को समय 11 बजे से कार्यालयीन समय तक, फरसगांव तहसील कार्यालय में 19 दिसम्बर को समय 11 बजे से कार्यालयीन समय तक विभाग के नियमों का पालन करते हुए ऋण राशि जमा कर लाभार्थी ऋण मुक्त हो सकते हैं, जिससे उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी मिल सके।

**अपराध:** आनलाइन फ्राड का पर्दाफाश करने में पुलिस को मिली कामयाबी

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 5.69 लाख की ठगी, आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



कोंडागांव जिले के परस गांव थाना पुलिस को फिर एक बड़ी सफलता मिली है फरसगांव थाना पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफ कमाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राजीय ठग को गिरफ्तार किया हैं।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी को ऑनलाइन ट्रेडिंग व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया था तथा ऑनलाईन शेयर ट्रेडिग में अधिक मुनाफा कमाने की बात कही गयी थी प्रार्थी से ऑनलाईन 05 लाख 69 हजार रूपये की ठगी की गयी थी। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना भादंवि की धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा आरोपी की पता साजी हेतु टीम गठित कर टीम दीगर राज्य मध्य प्रदेश जिला रतलाम रवाना किया गया था। आरोपी पता तलाश के दौरान उनके निवास स्थान पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किये। किन्तु आरोपी घर से था फरार। आरोपी की रायपुर छत्तीसगढ़ में लोकेशन मिलने पर रायपुर रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़े जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम दीपक बैरागी पिता महावीर दास बैरागी उम्र 32 वर्ष निवासी रोजाना थाना जावरा जिला रतलाम म.प्र का होना बताये जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को 05 लाख 69 हजार रूपये ऑनलाईन फ्राड करना स्वीकार करने पर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से वैधानिक कार्यवाही करते हुये 12 दिसंबर गुरूवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि किशोर प्रजापति, प्र. आरक्षक पंछुराम मरकाम, आरक्षक अजरंग बघेल, सायबर सेल आरक्षक मनोज कुमार पोयाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### पेट्रोल पंप से 1.30 लाख रुपए और मोबाइल की चोरी, चोर की तलाश

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मस्सूकोकोड़ा में स्थित आर एस पेट्रोल पंप से एक अज्ञात चोर ने बेग में रखे लाखो रुपए के साथ एक मोबाइल फोन की चोरी कर फरार हो गया। प्रार्थी हैरपाड़ाव निवासी राधेश्याम नाग केशकाल की रिपोर्ट फरसगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज आरोपी की पतासाजी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मस्सूकोकोडा के आर एस पेट्रोल पंप में कर्मचारी और प्रार्थी 6 दिसंबर की रात को पेट्रोल पंप की कमरे में सोए हुए थे, इसी दौरान 7 दिसंबर की सुबह करीब 3 से 4 बजे एक अज्ञात चोर ने पेट्रोल पंप के कमरे में घुसा और पैसों से भरे बैग के साथ एक मोबाइल को लेकर फरार हो गया। बेग में 1 एक लाख 30 हजार रूपये रखे हुए थे। कमरे कमरे से पैसों से भरे बैग को लेकर कमरे से बाहर जाने के दौरान प्रार्थी ने चोर को बैग लेकर भागते हुए देखा, उससे चोर को आवाज दिया लेकिन चोर दिवाल कूद कर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज अज्ञात चोर की पतासाजी कर रही है।

## विश्व एड्स दिवस पखवाड़े पर जन जागरूकता रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर और 1 सीजी गर्ल्स बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के उप प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि श्यामलाल नेताम ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में एनसीसी कैडेटों ने एड्स के बचाव संबंधी नारे लगाते हुए गांव के प्रमुख चौक–चौराहों पर जागरूकता संदेश दिया। एड्स एक लाइलाज बीमारी जो शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाती है शुक्ला – मुख्य अतिथि श्यामलाल नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है जो छूने या बातचीत करने से नहीं फैलती, बल्कि असुरक्षित आदतों और सावधानी के अभाव से फैलती है। इससे बचाव के लिए जन जागरूकता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में 1 सीजी गर्ल्स बटालियन के अधिकारी बी.के. शुक्ला ने कहा कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है, जो कई रोगों का समूह है और धीरे–धीरे व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाती है। इस दौरान उपस्थित लोगों को एड्स से बचने के उपाय और सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त करते हुए सहायक शिक्षक अनिल परते ने एड्स के प्रति जागरूकता को जरूरी बताते हुए अतिथियों और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

**इनका रहा योगदान** – इस आयोजन को सफल बनाने में भरत राम मंडावी, राजेश नेताम, श्रीमती विनीता सेठिया, चंदन नीमोचा, श्रीमती प्रवीण सिंह और श्रीमती संजू साहू सहित कई शिक्षकों और व्याख्याताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गोटूल, पंचायत भवन और सड़क निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**केशकाल।** ग्राम पंचायत बटराली में नव निर्मित गोटूल व पंचायत भवन का उद्घाटन साथ में सीसी रोड़ पुलिया भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि श्री देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव के कर कमलों से हुआ। मतलाम अपने उद्बोधन में हमारे पूर्वजों के गोटूल सभ्यता ,कल्चर है ओ गोटूल के माध्यम से समाज में संचालित कर सबको एक सूत्र में बांध कर रखे, गोटूल शिक्षा का केंद्र,था ये सब परम्परा टूट रही है ये परम्परा को पुनः जीवित रखने की अपील की ,गोटूल गुड़ी के माध्यम बच्चों को शिक्षा दो और हमारा समाज की परंपरा,रेला, हुल्लकी, मांदरी को बचाने की अपील की। श्री मती माहेश्वरी हिरको सरपंच, महेंद्र नेताम अध्यक्ष ज.प केशकाल, राजेश नेताम अध्यक्ष ब्लॉककांग्रेस कमेटी केशकाल, श्री मति माहेश्वरी हिरको सरपंच, खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, ओमप्रकाश माला सरपंच, सतीश नाग ज.प सदस्य, प्रमिला गोटा ज.प सदस्य, रोहित नाग ज.प सदस्य, नरेश नेताम ज.प सदस्य सरपंच गण सुमिरन शोरी शिव सलाम संगीता नेताम सुरेखा मरकाम ब्रिज लाल हिरक्कोदशरथ मांडवी ग्राम के और आप पास के सरपंच उप सरपंच,गायता पटेल मांझी कार्यक्रम में शामिल हुए।



### मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण के सम्मेलन कई प्रस्ताव पारित

**कोण्डागांव।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना जिसमें कोण्डागांव जिले में माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्या., कोण्डागांव द्वारा 80 केएलपीडी क्षमता के इथेनॉल संयंत्र की स्थापना की जा रही है। जिसका 11 दिसम्बर को वार्षिक साधारण सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस संस्था में 45000 किसान अंशधारक सदस्य हैं। वार्षिक साधारण सम्मेलन में संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गये। संस्था के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा किसानों को शीघ्र ही तकनीकी एवं वैधानिक लाइसेंस की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात मक्का खरीदी एवं कारखाना प्रारंभ किए जाने का आश्वासन दिया गया। वार्षिक साधारण सम्मेलन में संस्था के महाप्रबंधक सत्यनारायण शुक्ल एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अंशधारक किसान उपस्थित रहे।



### धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**नगरी।** बेलरबाहरा धान खरीदी केंद्र तक वाहन जाने के लिए रास्ता सही नहीं होने से ट्रैक्टर पलटने की घटना बार-बार हो रही है। बुधवार की सुबह 8 बजे मेचका का किसान ट्रैक्टर से अपना धान बेचने धान खरीदी केंद्र आ रहा था। रास्ता ठीक नहीं होने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी हो गई। किसानों का कहना है कि दो बार घटना हो गई है। मंडी व्यवस्था के नाम से सरकार की ओर से पैसा आता है मगर खर्च कहां होता है, पता नहीं। मंडी गेट के सामने गड्ढे होने की वजह से दो बार धान से भरी ट्रैक्टर पलट चुकी है।

## संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के लिए खिलाड़ी जगदलपुर रवाना

**कोण्डागांव।** संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए गुरुवार जिले के खिलाड़ियों का दल बस के माध्यम से रवाना हुए। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान राज्य आर्चरी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे।

जिले से 314 खिलाड़ी – वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि बस्तर ओलंपिक का संभाग स्तरीय आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक जगदलपुर में किया जाएगा। उक्त आयोजन में शामिल होने के लिए आज कोण्डागांव जिले से 314 खिलाड़ियों को 39 दल प्रभारियों के साथ बसों के माध्यम से भेजा गया है। रवाना होने से पहले सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, जूते और आवश्यक दवाईयां भी प्रदाय किया गया।



## पप्पू मण्डावी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**केशकाल।** विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कुछ ही महीनों बाद कांग्रेस के छात्र इकाई NSUI भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कोण्डागाँव जिला बनने के बाद तीसरे जिला अध्यक्ष के रूप में पप्पू मण्डावी को जिम्मेदारी दिया गया है छत्तीसगढ़ NSUI के प्रभारी आकाश चौधरी ने अपने लैटर हेड से राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के अनुमोदन और प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के सहमति से जिला अध्यक्ष कोण्डागाँव के रूप में नियुक्त किया है।



नये जिला अध्यक्ष पप्पू मण्डावी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो जवाबदारी दिया है उसे मैं बहुत ही अच्छे से निभाने की कोशिश करूँगा और हमेशा छात्र हित मे खड़ा रहकर कार्य करूँगा और छात्रों की हक की लड़ाई हमेशा लडूंगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी जी का कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## उड़नदस्ता दल ने तीन प्रतिष्ठानों में 54 क्विंटल अवैध धान पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भण्डारण और परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा इसकी रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया है। दल ने अवैध धान भण्डारण, परिवहन करने वालों के खिलाफ 14 नवम्बर से अब तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई कर 57 प्रकरण दर्ज कर कुल 4066.60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। दल ने मोनिष किराना स्टोर ग्राम पुरी, हर्ष किराना एण्ड जनरल स्टोर ग्राम पुरी तथा चैतराम साहू ग्राम भटगांव के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की।

## जल जीवन मिशन से पुसावंड में खुशहाली पेयजल के लिए अब नहीं करनी है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



- पीएम मोदी की दूरगामी सोच और मुख्यमंत्री साय के सुशासन का सुफल मिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के चलते जिले में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में हर घर तक पेयजल पहुंचाने के कार्यों में तेजी आई है। इसका ताजा उदाहरण है ग्राम पंचायत पुसावंड जहां आज हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पुसावंड जहाँ की आबादी करीब 1,403 है। पहले इस गांव में जल आपूर्ति का मुख्य साधन हैंडपंप थे। हालांकि सभी हैंडपंप कार्यशील हैं पर ग्रीष्मकाल के दौरान जलस्तर गिरने से सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या के कारण ग्रामवासियों, खासकर महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।

**बच्चों और वृद्धों के लिए राहत** – यह योजना बच्चों और वृद्धों के लिए भी वरदान साबित हुई है। पहले बच्चों को पानी भरने में अपना कीमती समय गंवाना पड़ता था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब नल कनेक्शन के माध्यम से घर में ही पानी आसानी से उपलब्ध होने से वे अपनी शिक्षा पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं। वृद्धजन जिन्हें पानी लाने के लिए भारी मटके उठाने पड़ते थे अब इस कठिनाई से मुक्त हो गए हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। अब उन्हें दूर–दराज से पानी लाने का जोखिम नहीं उठाना पड़ता जिससे उनकी और उनके बच्चों की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ग्राम के लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन उनके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लेकर आया है। पहले पानी की कमी के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब हर घर में नल कनेक्शन होने से उनका जीवन सरल हो गया है।



### जल वाहिनी समूह के गठन से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन

*जल जीवन मिशन के द्वारा गाँव में पानी की उपलब्धता से महिलाओं को राहत मिली है जिससे घरेलु कार्य समय पर खत्म करके वे अब परिवार और समाज कल्याण में अधिक योगदान दे रही हैं। साथ ही विभाग द्वारा महिलाओं को संगठित करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए 'जल वाहिनी' समूह का गठन किया गया है। इस समूह में कांति, मनबती, शांतिबाई, मंगबद्रई और गोमती को जल जाँच के लिए प्रशिक्षित किया गया है। ये महिलाएं अब गांव में पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।*

**आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्थायी समाधान** – जल जीवन मिशन ने ग्राम पुसावंड को जल संकट से उबारकर एक नया अध्याय लिखा है। जिससे न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सुधार होगा। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्थायी समाधान है। ग्राम पुसावंड के लोग अब गर्व के साथ कह सकते हैं कि उनका गांव हर घर जल योजना से जुड़कर शुद्ध पेयजल का लाभ मिल रहा है। यह बदलाव उनकी जिंदगी में नई उम्मीदें और संभावनाएं लेकर आया है।



### छग सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बनियागांव विद्यालय मे किया आयोजन

## सुशासन दिवस पर छात्र-छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला, रंगोली, पेंटिंग्स एवं लेखन में दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियागांव में छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य रूप से सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर जनजागरूकता का संदेश दिया।



सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग, पोस्टर निर्माण, फैंसी ड्रेस, पोस्टकार्ड लेखन और मेहंदी प्रतियोगिता शामिल रहीं। इन आयोजनों ने बच्चों के बीच सृजनात्मकता और जागरूकता का संचार किया।

ज्योति इक्का ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता – कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्रीमती ज्योति इक्का ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हमारे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार जनता के कल्याण के लिए कई योजनाओं का संचालन करती है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति योजना, सरस्वती सायकल वितरण योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश योजना, और टॉपर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की जानकारी साझा की।

इनकी रही भूमिका – इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर योगदान दिया। इनमें ईश्वर दयाल साहू, के.आर. वड्डे, जगदीश देवांगन, हेमशंकर तारम, गौतम पहुजा, योगेश मेशराम, श्रीमती हेमलता बारले, श्रीमती किरण खलको, श्रीमती ममता पोयाम, श्रीमती हूर्देश्वरी जोशी, श्रीमती पूजा ठाकुर, श्रीमती अनीशा बेगम, श्रीमती स्मिता बागड़े, श्रीमती राजकुमारी सोढ़ी, श्रीमती आशा टोपो, श्रीमती ललिता नेताम, श्रीमती भारती पात्र, कु. योगेश्वरी साहू, कु. ट्विंकल हारून, कु. याचिका सिधार और समस्त विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों ने इस आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बनाया।

## विश्व मानव अधिकार दिवस चिखलपुटी स्कूल में मनाया

**कोण्डागांव।** विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला चिखलपुटी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप के निर्देश और सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार भट्ट ने मानव अधिकारों के



महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था। इस घोषणा के तहत सभी को समानता, स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, सुरक्षा और धर्म के अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने मानव अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक शाला के प्राचार्य पंचु मंडावी,

### पेज 13 के शेष

**उपार्जन केन्द्रों में...**

ने बताया कि 12 दिसंबर से कंप्यूटर आपरेटर भी हड़ताल में चले गए है, ऐसे में धान खरीदी हो पाना संभव नहीं दिख रहा है। इन समस्याओं के निराकरण किए जाने के बाद ही धान खरीदी हो पाना संभव दिख रहा है। जिला सहकारी विपणन संघ मर्यादित कांकेर को धान का परिवहन के लिए त्वरित कार्यवाही करने की माँग किया है, ताकि धान उठाव होने के पश्चात धान उपार्जन का कार्य किया जा सके। धान उपार्जन का कार्य प्रभावित होने पर संपूर्ण जवाबदारी विपणन संघ की होगी।

**बस्तर ओलंपिक में...**

फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी एवं रस्साकसी (महिला सीनियर वर्ग) जैसे 11 खेल आयोजित होगी। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिका एवं महिला-पुरूष 331 प्रतिभागी एवं 36 कोच व मैनेजर सम्मिलित होंगे तथा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित दिव्यांग तथा आत्मसमर्पित माओवाद के मध्य भी यह प्रतियोगिता संभाग स्तर पर सम्मिलित किया जाएगा।

**कांकेर शहर में...**

वाहन कभी भी दुर्घटना के शिकार हुए तो बड़ा हादसा हो सकता है। यातायात विभाग को इस ओर भी देखने की जरूरत है। विगत दिनों एक सरकारी विद्यालय में आँटो में 14 स्कूली बच्चे सवार थे, ऐसे आँटो के चालकों व मालिकों पर कार्यवाही जरूरी है। यातायात विभाग को स्कूल के बच्चों को ले जाने वाले आँटो की जाँच करना जरूरी है।

**आत्मरक्षा प्रशिक्षण...**

कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों से 16 दिसम्बर शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा सह जिला शिक्षा अधिकारी में आवेदन पत्र आमंत्रित किया किया गया है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों के द्वारा जूडो, कराते, ताइक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मॉर्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 48 लाख की ठगी



**रायपुर**। महाराष्ट्र में जीएसटी, आयकर, पेन कार्ड तथा अन्य टैक्स से जुड़े कार्य करने फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपए की ठगी के आरोपी को तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने हर माह डेढ़ लाख तथा साल में 18 लाख रुपए लाभ मिलने का झांसा दिया था। ठगी करने के आरोप में पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी जय कुमार नारा को गिरफ्तार किया है। जय कुमार नारा टैक्स जीवन सर्विस कंपनी लिमिटेड का डायरेक्टर है। पचपेड़ी नाका, लक्ष्मीनगर निवासी राकेश सिन्हा ने जय कुमार तथा कन्हैया लाल चड्ढा, सारिका के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट, एक गिरफ्तार



**रायपुर**। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व युवक को पार्टी करने का झांसा देकर अपहरण कर जानलेवा हमला करने के बाद दो दिन तक बंधक बनाकर रखने के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, यश शर्मा की शिकायत पर तेलीबांधा निवासी तुषार पाहुजा को गिरफ्तार किया है। यश ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को यश खेमानी ने उसे पार्टी देने के बहाने बुलाया और कार में अपने साथ बैठाकर उसके दोस्त के बारे में पूछताछ की। यश ने जानकारी नहीं होने की बात कही तो यश के साथ तुषार पाहुजा, तुषार पंजवानी तथा चिराग पंजवानी ने उसकी बुरी तरह से पिटाई करने के बाद दो दिन तक बंधक बनाकर रखा।

### निजात को लेकर एनजीओ और संस्था प्रमुखों की बैठक



**रायपुर**। मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री रोकने के साथ लोगों को नशे से दूर रहने संदेश देने एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस पिछले 10 महीने से निजात अभियान चला रही है। इसी कड़ी में एसएसपी ने बुधवार को शहर के एनजीओ तथा संस्था प्रमुखों की बैठक लेकर लोगों को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अभियान से जुड़ने अपील की है।

### गांजा बेचते तीन गिरफ्तार साढ़े तीन किलो बरामद

**रायपुर**। तेलीबांधा पुलिस तथा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुखबिर की सूचना पर तीन बदमाशों के कब्जे से साढ़े तीन किलो के करीब गांजा जब्त की है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महंगे मोबाइल फोन के साथ कार जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, गांजा बेचने के आरोप में कालीबाड़ी निवासी प्रदीप चौहान, पुरानी बस्ती निवासी ओंकार सेन तथा छोटापारा निवासी साकिर उस्मानी को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों को फुंडहर चौक के पास वाहन जांच के दौरान पकड़ा है।

## कलेक्टर ने अंदरूनी इलाके में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

# स्कूल एवं आश्रम-छात्रावास का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा**

ग्राम नीलावरम, मुतोडी और नागारास क्षेत्र में विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और संस्थाओं के कामकाज का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव पहुंचे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण और आवश्यक पहल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूल एवं आश्रम-छात्रावास संचालन को बेहतर सुविधाओं में सुधार करने में निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। साथ ही कोताही बरतने पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर ध्रुव ने शासकीय उचित मूल्य दुकान नीलावरम का दौरा किया। उन्होंने चावल, नमक और गुड़ के भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। कम भंडारण पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। ई-केवाईसी की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कराने और दुकान की साफ-सफाई को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय माध्यमिक शाला नीलावरम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में लाइट, पंखा और विद्युतीकरण की खराब स्थिति को देखते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तौर पर ध्यान देने कहा। उन्होंने बच्चों को अंग्रेजी जैसे विषयों में विशेष रुचि लेकर पढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### स्कूल एवं आश्रम-छात्रावास संचालन को बेहतर सुविधाओं में सुधार करें

#### समग्र समझ विकसित करने पर जोर

मुतोडी स्थित शासकीय माध्यमिक बालक आश्रम शाला के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति की नियमित निगरानी और इसे रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आश्रम से बाहर भेजते समय बच्चों को उनके पालकों के साथ भेजा जाए। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बच्चों के चहुंमुखी विकास और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने साफ-सफाई में कोताही बरतने पर नाराजगी जताई और इसे तत्काल व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।





#### मच्छरदानी और सफाई पर ध्यान

कलेक्टर ने बच्चों को मच्छरदानी उपलब्ध कराने और कक्षाओं को व्यवस्थित रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिए पर्याप्त संख्या में बेडशीट उपलब्ध कराने और समग्र समझ विकसित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने बालक आश्रम नागारास का भी निरीक्षण किया। यहां जर्जर हो चुके भवनों को मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के स्वच्छता और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## न्योता भोज में बच्चों को बांटे कापी पेन और फल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम**

उच्च प्राथमिक शाला रालापल्ली एवं प्राथमिक शाला रालापल्ली में प्रधान अध्यापक कमल सिंह कोर्राम ने उनके पुत्र भावेश कोर्राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत न्योता भोज दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम यशवंत नाग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दिलीप उइके शाला में उपस्थित होकर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। उन्होंने बच्चों को कापी पेन और फल बांटे। दोनों अधिकारियों ने बच्चों के शिक्षा के स्तर को जाना। बच्चों से सवाल पूछे, पढ़ने को कहा। बच्चों ने हिन्दी में धाराप्रवाह पढ़ा, अंग्रेजी में पढ़ने में थोड़ी परेशानी हुई। बच्चों के पढ़ाई के स्तर को देखकर दोनों अधिकारियों ने बच्चों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। सीईओ ने शाला मरम्मत हेतु सहयोग करने की बात की। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष सुधाकर आनकारी, एपीसी श्रीनिवास एटला, शिक्षक मनीष कुमार, पिंकी एक्का, अंजली ताड़री, आनकारी राजन्ना, उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया।

## निक्षय निरामय अभियान में मरीजों का चिन्हांकन कर करेंगे जांच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टीबी मुक्त का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत प्रदेश में भी निक्षय नीरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। इसी तारतम्य में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉ गौतम कुमार ने खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि निक्षय निरामय पहचान और उपचार के तहत मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उच्च जोखिम समूह टीबी, कुष्ठ संदेहास्पद तथा वयोवृद्ध कार्यक्रम अंतर्गत मरीज का चिन्हाकन करेंगे उसके पश्चात उनके जांच एवं उपचार की व्यवस्था करेंगे। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश बघेल व सूरज सिंह ने टीबी रोग से संबंधित जानकारी, एमटीएस आशीष शुक्ला ने मलेरिया से संबंधित जानकारी, एनएमए शंकर घोष ने कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी। बैठक में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉक्टर गौतम कुमार, बीपीएम जेम्स वेक, राजेश बघेल, सूरज सिंह, आशीष शुक्ला, शंकर घोष एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

- **राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टीबी मुक्त का लक्ष्य रखा गया**






## ढाई आखर परीक्षा में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

भारतीय डाक विभाग बस्तर के द्वारा ढाई आखर परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे बकावंड विकस खंड के हायर सेकेंडरी स्कूल करीतगावं व डीएव्ही स्कूल उलनार के 400 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान हेमन्त कुमार पांडे संभागीय सचिव, राम गोविंद पांडे, राजेंद्र ठाकुर, प्राचार्य लुपतेशवर आचार्य, अकबर खान, राजेंद्र कलिहारी, डीएव्ही के प्राचार्य शंकर लाल पांडेय, करीतगावं के बीपीएम अनिल सेठिया, कोहकापाल के बीपीएम जयचन्द ओगर, उलनार के बीपीएम बेनु प्रसाद जोशी, बीपीएम मनीषा साहू अंजली, निखिल आदि उपस्थित थे। प्रथम पुरस्कार 25000, द्वितीय पुरस्कार 10000, तृतीय पुरस्कार 5000 व हेमन्त कुमार पांडे के द्वारा भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार का घोषणा किया गया।

## ऊर्जा व जल संरक्षण पर कार्यशाला में किसानों को किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम**

कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दन्तेवाडा में क्रेडा विभाग जिला दन्तेवाड़ा के सहयोग से ऊर्जा व जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **किसानों को कृषि में ऊर्जा और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीक व कृषि यंत्र की दी गई जानकारी**

इसमें जिले के 65 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर किया गया। तकनीकी सत्र के दौरान केवीके प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने कृषि में ऊर्जा और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीक व कृषि यंत्र की जानकारी दी। किसानों को इन तकनीकों के लाभ और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर उनके उपयोग के तरीके समझाए। क्रेडा विभाग के जोनल अधिकारी राठौर ने ऊर्जा व जल संरक्षण के उपाय व विभागीय योजना की जानकारी दी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता देवेन्द्र आरमों ने भूजल स्तर के निरंतर गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए, उसके स्तर को बढाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। जिला नवीकरणीय ऊर्जा विभाग से आए इंजीनियर नरेन्द्र चौहान ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण का मूल सिद्धांत यह है कि ऊर्जा को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता। इसे केवल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। प्रवीण साव ने आधुनिक जीवनशैली के कारण परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन पर चिंता व्यक्त की। गैर-परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर, पवन और जैव ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जिला क्रेडा विभाग के इंजीनियर संजय कश्यप ने सौर ऊर्जा की कार्यप्रणाली, इसकी आवश्यकता और इसके उपयोग पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा योजना और उसमें मिलने वाले शासकीय अनुदान की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में केवीके के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया। रबी फसलों की तैयारी, प्रबंधन और बेहतर उत्पादन के लिए उपयोगी सुझाव दिए।

## रंगोली के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन




**बीजापुर**। केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनांतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज बीजापुर में कुल 60 हितग्राहियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें स्विंग मशीन ऑपरेटर एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स सम्मिलित हैं। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन पर कार्यक्रम का आयोजन 11 दिसम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। रंगोली के माध्यम से सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, नियद-नेल्लानार योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महातारी वंदन योजना, आवास योजना, नल-जल योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना एंव अन्य योजना के बारे में बताया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के प्राचार्य सम्मिलित होकर छात्रों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित कर निर्णायक का कार्य किया।

## प्रधानमंत्री आवास निर्माण में तेजी लाने करें मॉनिटरिंग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर**

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो का गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत नियद नेल्लानार गांवों में परिवार सर्वे सूची को दुरूस्त करने सर्वे के आधार पर सभी ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज सुलभ कराने, आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, एवं 18 वर्ष से अधिक समस्त हितग्राहियों को विशेषकर महिलाओं का बैंक खाता खुलवाने ताकि शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ ग्रामीणों को मिल सके।

- **नियद नेल्लानार गांवो में परिवार सर्वे सहित समस्त हितग्राहियों का आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज कराएं उपलब्ध : कलेक्टर**

समस्त एसडीएम को सर्वे सूची का अवलोकन करने एवं समस्त बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नियद नेल्लानार गावों में प्रधानमंत्री आवास की पंजीयन कराने सहित गावों में सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण अविलंब को कहा। हाल ही में सुरक्षा कैम्प स्थापित ग्राम पंचायत कोण्डापल्ली में स्वीकृत स्कूल आंगनबाड़ी एवं अन्य अद्योसंरचना की प्रगति की समीक्षा की।



जन्म के तुरंत बाद जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि की प्रक्रिया को आपसी विभागीय समन्वय से गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व एवं शिक्षा विभाग समन्वय स्थापित कर शतप्रतिशत पात्र-छात्रों का जाति प्रमाण पत्र त्वरित बनाएं। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पोषण पुनर्वास में कुपोषित बच्चों का शतप्रतिशत दर्ज कराने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति सहित शनिवार 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत की तैयारी के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। वहीं समस्त विभागों के अधिकारियों को शनिवार को श्रमदान कर अपने कार्यालयों में सफाई अभियान आयोजित करने पर सराहना की।

बैठक में एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मिली मान्यता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा**

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रशासकीय स्वीकृति से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मान्यता का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 1982 से संगठन के पदाधिकारियों का बोलबाला रहा है। वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाऐं से नवीन पंजीयन के बाद से स्कूल/ट्राइबल शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्गों के अधिकार का आवाज बुलंद करते रहा है। राज्य शासन के नियम अनुसार प्रतिवर्ष सदस्यों की जानकारी छत्तीसगढ़ सोसाइटी





- **शिक्षक संवर्ग का हित संवर्धन ही सर्व प्राथमिकता : राजेश**

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के धारा-27 में पदाधिकारियों की प्रमाणित सूची तथा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी धारा-28 प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2019 एवं 2022 को मान्यता दिया था।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में संगठन का प्रभाव है। शिक्षक संवर्ग के मुद्दों के जानकार एवं समाधान करने वाले अनुभवी पदाधिकारियों का प्रबंधन है। संगठन के सझाव अनुसार पाटन (दुर्ग) अधिवेशन में 50 प्रतिशत सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पदोन्नति के नियम को संशोधित कर वर्ष 2008 (अराजपत्रित सेवा) तथा 2009 (राजपत्रित सेवा) में 100 प्रतिशत पदोन्नति का भर्ती पदोन्नति नियम स्कूल शिक्षा विभाग ने बनाया था। जिसके कारण वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत शिक्षक रातोंरात पदोन्नत हुए थे। तत्समय शिक्षा सचिव नंद कुमार अधिवेशन के मुख्य अतिथि थे। ट्राइबल विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक, कर्मचारियों का परस्पर हस्तांतरण, संविलियन का आदेश 9 फरवरी 2010 को संगठन के सुझाव अनुसार जारी शिक्षक, कर्मचारी हित में जारी हुआ था। एक विभाग एक भर्ती नियम का अवधारणा संगठन ने सुझाया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा द्वारा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 बनाया गया था तत्समय शिक्षा प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी थे। इसके अलावा राज्य शासन ने शिक्षक संवर्ग हित के मुद्दों पर अनेक निर्णय संगठन के सुझाव पर लिया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला बस्तर के सक्रिय पदाधिकारी, सदस्यों आरडी तिवारी प्रांतीय महामंत्री, भानुशंकर नागराज संभागीय अध्यक्ष, अरुण देवांगन संभागीय मंत्री, विधुशेखर झा प्रवक्ता, आर एन विश्वास जिला संरक्षक, डॉ अखिलेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष, दीपक बाजपेयी, निरंजन दास, आनंद अय्यर वरिष्ठ उपाध्यक्षगण, अशोक यादव कोषाध्यक्ष, पूर्णिमा देहारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, डम्बेश्वरी जोशी संगठन मंत्री, महिला प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 4 परिवार को मिली सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील करपावण्ड के ग्राम करपावण्ड निवासी झितरी की मृत्यु सांप काटने से पति धनसाय को, तहसील दरभा के ग्राम बिसपुर निवासी रामणता उर्फ शासबती की मृत्यु सांप काटने से पति आयता को, ग्राम डिलमिली निवासी जगरी की मृत्यु मधुमक्खी काटने से पति जोंदरा और तहसील तोकापाल के ग्राम केशलूर निवासी संजय की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से पत्नि लछनदई को प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### प्राक्चयन परीक्षा 16 फरवरी को

**दंतेवाड़ा।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन 11 नवंबर से प्रारंभ कर 19 जनवरी को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना था। उपरोक्त परीक्षा अपरिहार्य कारणों से 16 फरवरी को आयोजित की जावेगी। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की संशोषित तिथि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक, तथा ऑनलाइन भरे गए फॉर्म मे त्रुटि सुधार, 1 जनवरी से 8 जनवरी तक एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 फरवरी तक निर्धारित किया गया है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 को

**जगदलपुर।** रोजगार केन्द्र आड़ावाल में 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने साथ समस्त दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

### चार जैविक कृषि सेवा केंद्र की स्थापना

**दंतेवाड़ा।** जिले के किसानों को जैविक कृषि में उपयोग किये जाने वाले जैविक खाद, जैविक दवाई, जैविक बीज आदि रियायत दर पर समय से आसानी से उपलब्ध करने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से जैविक कृषि सेवा केंद्र की स्थापना जिले के प्रत्येक विकासखंड में किया गया है जैविक कृषि सेवा केंद्र का संचालन लघु कृषक व्यापार संघ समर्थित फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से जिले के किसानों द्वारा किया जा रहा है। जैविक कृषि सेवा केंद्र माध्यम से किसानों को जीवामृत, बीजामृत, धनजीवामृत, पंचगव्य, गौकृपामृत, हांडीदवा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, आग्नेयास्त्र, मछली टॉनिक आदि उपलब्ध कराया जा रहा है. इन जैविक खाद व दवाईयों का निर्माण महिला किसानों के द्वारा स्थानीय स्तर पर ही किया जा रहा है।

### पोटाकेबिन से गायब छात्र तेलंगाना में मिला

**कोंटा।** सुकमा जिले के कोंटा विकास खंड के ग्राम पंचायत मराईगुड़ा में संचालित आवासीय विद्यालय पोटाकेबीन से गायब छात्र के महेश पड़ोसी राज्य में पाया गया। ज्ञात हो कि बीते 3 दिसम्बर से छात्र स्कूल जाने आवासीय परिसर से निकला था।

# मजदूरों ने निकाली अधिकार रैली, श्रम कानूनों का पालन करने की मांग की

## सौंपा ज्ञापन, रोज 16 से 20 घंटे तक काम लेने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



जिला के श्रमिकों ने जिला में श्रम कानूनों को पालन करने, निर्माण श्रमिकों के योजनाओं में कटौती के खिलाफ रैली निकालकर प्रदर्शन किया। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्टोरेट पहुँची और मजदूर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायतों में मजदूरों से 16 से 20 घंटे तक काम करवाया जाता है, लेकिन उनको ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता है। कर्मचारियों को एक दो माह बिलंब से वेतन मिलता है। किसी भी कर्मचारी का भविष्यनिधि और ईएसआई का राशि नियमित जमा नहीं होने के कारण उन्हें मेडिकल और पेंशन की सुविधा से वंचित होना पड़ता है। जिला प्रशासन को यह भी याद दिलाया कि इसके पूर्व जिला कलेक्टर ने एक जांच समिति का गठन कर तीन दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट जमा करने का आदेश किया था, लेकिन दस दिन बाद भी यह जांच रिपोर्ट सामने नहीं आया। नगर पालिका के गतिरोध को दूर करने के लिए जिला प्रशासन, पालिका के अधिकारी और श्रमिक संगठन के प्रतिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्तालाप प्रारंभ करने पर जोर दिया।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए डिप्टी कलेक्टर ने शीघ्र ही जांच समिति रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने और वार्तालाप की बातों को स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में सुखरंजन नंदी,नजीब कुरेशी,द्वारिका कोसरिया, भाव सिंह काश्यप, देवचंद भास्कर,धनंजय पटेल, रामकिशोर कोर्राम, अर्जुन साहू ,धर्मेंद्र साहू शामिल रहे।

## कार्यशाला : वन संसाधनों के प्रबंधन पर की जाएगी चर्चा

# ग्रामसभा सशक्तिकरण की थीम पर संयुक्त कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना




जिले के ग्राम मुरागांव में बुधियारमारी व मुंजालगोंदी का ग्राम सभा व वनाधिकार पर एक दिवसीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। नवोदित समाज सेवी संस्था द्वारा एक कदम गांव की ओर ग्राम सभा सशक्तिकरण की ओर के थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों व गाँव के प्रमुखों को गाँव के पारम्परिक सीमा के अंदर के वन संसाधनों के प्रबंधन पर फोकस करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मुरागांव को सीएफआर दावा प्रक्रिया के लिए चर्चा व बुधियारमारी, मुंजालगोंदी को प्रबंधन के अलावा ग्राम सभा की कार्यवाही, ग्राम सभा कार्यालय, ग्राम सभा का सम्पूर्ण रजिस्टरों का संधारण व अन्य विषयों पर चर्चा व जानकारी दिया गया। गौरतलब है कि ग्राम बुधियारमारी, मुंजालगोंदी को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावा प्राप्त है, जिसके तहत गाँव के लोग अपने प्राकृतिक संसाधनों का सरक्षण, संवर्धन व प्रबंधन कर सकते हैं। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में तुलसी नेताम जिला कोंडागांव के द्वारा मुरागांव को सीएफआर दावा प्रक्रिया के लिए व बुधियारमारी, मुंजालगोंदी को सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति सीएफआरएमसी व ग्राम सभा के विभिन्न दायित्वों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में ग्राम गायता बिन्नू परचापी, ग्राम पटेल दुर्गु कोर्राम, वन अधिकार समिति मुरागावँ के अध्यक्ष बजारू कोर्राम, सचिव संतु राम गावड़े एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति मुंजालगोंदी के अध्यक्ष कुमार मंडावी एवं समिति के सदस्य और गाँव के अन्य सदस्य कार्यशाला में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कानूनी जानकर एडवोकेट भूपेंद्र नेताम, समुदाय प्रमुख देवसिंह नुरेटी, नारद सलाम, नवोदित समाज सेवी संस्था कुर्रुटोला चारामा कांकेर से सचिव भागवानी गावड़े, लेखापाल भूपेंद्र उइके, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर उमेन्द्र कोरेटी, कोआर्डिनेटर मन्नू राम कुरेटी आदि उपस्तिथ रहे।

# छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं की एक छात्रा का दो मंजिला छत से गिरने के कारण उपचार के दौरान निधन हो जाना अत्यंत दुःखद और चिंताजनक घटना है। यह घटना विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी और सुरक्षा प्रोटोकॉल की गंभीरता पर सवाल उठाती हैं और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता उत्पन्न करती है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 12 दिसबंर को कलेक्टर के नाम एसडीएम अशोक मार्बल को ज्ञापन सौंपा हैं।

एबीवीपी के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व कोयलीबेड़ा कन्या आदिवासी आश्रम की अधीक्षिका मनोत्री ध्रुव द्वारा बालिकाओं से अधिक वजन की लकड़िया उठवाने एक दबाव पूर्वक कार्य करवाने का विषय सामने आया था। उपरोक्त घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की यह मत है कि जिले के सभी छात्रावासों में सुरक्षा मानकों को सक्ती से लागू किया जाए, विशेष रूप से छात्रावासों में कैमरा लगवाया जाए ताकि छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकें और किसी भी दुर्घटना या अनहोनी को समय रहते रोका जा सके। विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभाविप ये मांग करती है कि जिले के सभी छात्रावासों में कैमरा लगाए जाए, सुरक्षा मानकों को कड़ा किया जाए, विद्यालयों और छात्रावासों में छात्रों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए, उपरोक्त दुःखद घटना की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। आशा है कि छात्राहित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त मांगों को गंभीरतापूर्वक लिया जाएगा एवं त्वरित कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपने में ओमकृष्ण जैन, हर्ष सिन्हा, आदेश चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

# नक्सल मामले से जुड़े दो लोगों के घर एनआईए ने मारा छापा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

नक्सल प्रभावित सुकमा जिला मुख्यालय में गुरूवार को एनआईए की टीम ने छापेमारी की। जानकारी के अनुसार इस छापेमारी के तार नक्सल मामले से जुड़े हैं। अलसुबह एनआईए की टीम सर्च वारंट लेकर जिला मुख्यालय पहुंची। दो ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। एक टीम देवीचौक स्थित मंतोष मंडल के मकान पर दबिश दी वहीं दूसरी टीम पीएचई कार्यालय के सामने स्थित एक महिला के घर पर छापामारा। करीब 7 घंटे तक एनआईए की टीम ने लोगों से पूछताछ की और घर की तलाशी ली।

दरअसल, सितंबर माह में सुकमा पुलिस ने नक्सलियों के सप्लाई चेन को तोड़ा था। दो लोगों को गिरफ्तार भी किया था। बताया जा रहा है कि सुकमा पुलिस ने मंतोष मंडल और नागार्जुन नाम के दो युवकों को माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के लिए काम करने का दावा करते हुए गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दोनो युवकों के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। इसी कड़ी में एनआईए की टीम सुकमा पहुंची है और छापेमारी की है। संदिग्ध महिला के घर में एनआईए की टीम कोरबा 7 घंटे तक छानबीन और पूछताछ की है। बताया जाता है कि टीम ने महिला का फोन भी अपने साथ ले गई है। इधर एनआईए की तीसरी टीम ने ओडिशा के मोटू स्थित अनंतपल्ली में भी एक मकान में छापेमारी की है। बताया जाता है कि यहां भी ओडिशा पुलिस ने कुछ महीनों पहले गोला-बारूद बरामद किया था, जिसे माओवादियों को सप्लाई किया जाने वाला था।





# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के संबलपुर में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में 12 दिसंबर को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव राठी परिवार द्वारा संबलपुर सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण में 8 दिसंबर से दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक प्रारंभ हुआ। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पाँचवे दिन 12 दिसंबर को बड़े धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथावाचक जोधपुर राजस्थान के श्री 108 परमहंस डॉ.रामप्रसाद महाराज व्यासपीठ विराजमान होकर भक्तिमयी मधुर एवं ओजस्वी अमृतवाणी से सभी श्रद्वालु भावविभोर हो गए। धर्मनगरी संबलपुर के सभी श्रद्धालु भक्तगण संगितमयी श्रीमद्ध भागवत कथा का पूरा लाभ ले रहे है। श्रद्वालु श्री हरि विष्णु की कथा का श्रवण कर धर्म और अधर्म की व्याख्या से अवगत हो रहे है। आनन्दमयी श्रीमद भागवत कथा का समापन 14 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। इस भक्तिमयी कथा का आयोजन राठी परिवार शंकरलाल-रमा देवी राठी अशोक (पिन्टू) राठी एवं समस्त राठी परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# राज्य हेंडबाल स्पर्धा का किया विधायक नेताम ने उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में 12 दिसबंर को राज्य स्तरीय महिला हेण्डबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम के द्वारा किया गया। उन्होने संदेश देते हुए कहा कि खेल के दौरान आपसी भाईचारा का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी भावना का सभी परिचय देंगे।

छत्तीसगढ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले आयोजनों में से एक महिला हैंडबाल का दायित्व इस बार इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय को दिया गया है। महाविद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता के शुभारंभ के प्रतीक के रूप में झंडारोहण किया गया। महाविद्यालय की छात्रा स्तुति साहू के द्वारा खिलाडियों को नियमानुसार खेलने की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर दसों सेक्टरों के खिलाडियों के द्वारा एक आकर्षक मार्च पास्ट भी किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ के दस सेक्टरों की टीम हिस्सा ले रही हैं। पिछली विजेता रायपुर तथा उपविजेता राजनांदगाव सेक्टर के अलावा रायगढ, सरगुजा, दुर्ग, बलोदाबाजार, बिलासपुर, रायगढ और जांजगीर चांपा की टीमों भी बस्तर सेक्टर के इस आयोजन में हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतियोगिता का प्रेक्षक डा बीएस राव को नियुक्त किया गया है। सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मीरा सलाम के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्रोफेसर सुनील साहू के द्वारा दिया गया।

# आवास नहीं मिला, सौंपा ज्ञापन और दी चेतावनी

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 3 के निवासी लोगों ने आगामी नगर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। वार्ड वासियों ने चुनाव बहिष्कार का कारण बताते हुए कहा कि आवास योजना को नगर पंचायत में लागू हुए काफी साल गुजर चुका है परन्तु उन वार्डो में अभी तक आवास किसी को भी नही मिल पाया है। नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है की सभी मोहल्लेवासी आगामी नगर पंचायत चुनाव में खुद भी वोट नही करेंगे और अन्य लोगो को भी वोट न करने को निवेदन करेंगे और साथ ही वोट डालने से रोकेंगे भी। वार्ड वासियों ने एसडीएम भानुप्रतापपुर और थाना प्रभारी को विरोध प्रदर्शन की जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा।



## आपरेटरों की हड़ताल, धान खरीदी ठप, किसान परेशान



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में दुर्गुकोंदल लैंप्स के कर्मचारियों के हड़ताल से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। 8 से 10 किमी दुर से ट्रैक्टर वाहन में धान लाकर हड़ताल के चलते किसान बिना धान बेज वापिस जाने में मजबूर हो रहे हैं। किसान प्रीतम मांझी ने बताया कि किसान 8 से 10 किमी दुर से भाड़ा के ट्रेक्टर बुकिंग कर धान बेचने आता है, लेकिन आपरेटर के हड़ताल के चलते किसानों को फिर वापिस लौटना पड़ रहा। पिछले बेमौसम के चलते एक हफ्ते से धान खरीदी बंद था, अब हड़ताल से धान खरीदी बंद है। किसानों ने धान खरीदी सुचारू रूप से जारी करने का मांग शासन से किया है।

## धान का उठाव नहीं होने से 16 से खरीदी बंद

**जगदलपुर ।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ बस्तर जिला द्वारा धान का उठाव नहीं होने पर 16 दिसंबर से धान खरीदी बंद करने की चेतावनी दी। संघ ने गुरूवार को इसका ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया। संघ के अध्यक्ष उत्तम सेठिया ने ज्ञापन में बताया कि विपणन वर्ष 2024-25 शासन के समर्थन मुल्य पर बस्तर जिला के 79 धान उपार्जन केन्द्रो में शासन के दिशा-निदेर्शो का पालन करते हुए 14 नवंबर से पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही 12 दिसंबर तक बस्तर जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों में 628858.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग,
बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग,
स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग,
बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग
में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## 15 जिलों के 27 ब्लाकों में योजना का ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

# पोषण सखी प्रशिक्षण से ग्रामीण आदिवासी परिवार को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा



छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग द्वारा ग्रामीण आदिवासी परिवारों की आय में वृद्धि और वर्षभर पोषक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चिराग परियोजना का क्रियान्वयन 15 जिलों के 27 विकासखंडों में किया जा रहा है। इस परियोजना को वर्ल्ड बैंक और आईएफएडी का सहयोग प्राप्त है।

चिराग परियोजना के तहत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पोषण सखी के रूप में महिलाओं का चयन किया गया है। इन्हें कार्य के लिए सक्षम बनाने के लिए चारामा के नागराज भवन में 10 से 12 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार, कृषि और पोषण के बीच के संबंध, और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रभावी संचार कौशल की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पीसीआई से मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार और महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर नीतू ध्रुव ने महिलाओं को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में चिराग कार्यालय रायपुर से शतानंद पांडे, डॉक्टर मोनिका चौहान, टीम लीडर एसबीसीसी चिराग, अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार सार्वा, चिराग राज्य कार्यालय से जगजीत मिंज, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार सिन्हा, कृषि विकास अधिकारी राजाराम नेताम, और अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाकर उनके परिवारों की पोषण स्थिति को सुधारने में मददगार साबित होगा। चिराग परियोजना के तहत इन पोषण सखियों के माध्यम से पोषण विविधता और आहार संतुलन के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। चिराग परियोजना के तहत पोषण और आय बढ़ाने की यह पहल न केवल आदिवासी परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने में सहायक होगी, बल्कि पूरे समाज में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करेगी।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511